GCMS - 2025/191

APP-A
Crim-1

FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम कोटा

अब्दुल सत्तार बनाम सरकार

31 सन् 2025

किस्म मुकदमा 136 L.R नं.

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
22/4/25	राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के अन्तर्गत प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण की ओर से बाद जांच रिपोर्ट पेश हुआ। जांच रिपोर्ट सरिस्ता अवलोकन की गई। प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर हो। प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थना–पत्र पर बहस कर प्रार्थना–पत्र स्वीकार जाने का निवेदन किया गया। बहस प्रार्थना–पत्र सुनी गई। पत्रावली आदेश वास्ते दिनांक 30/4/25 को पेश हो। उपखण्ड अधिकारी	
30/4/25	पत्रावली आदेश वास्ते पेश हुई। प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि वाके ग्राम रंगतालाब उर्फ कालातालाब में खाता संख्या 14 खसरा नं0 489/1 रकबा 0.57 है0 भूमि वर्तमान में अब्दुल नासिर अंसारी पुत्र अब्दुल सत्तार जाति मुसलमान निवासी न्यू कॉलोनी गुमानपुरा कोटा हि0 20/57, जाहिद हुसैन पुत्र अब्दुल हाकिम जाति मुसलमान निवासी गरीब नवाज कॉलोनी सुल्तानपुर कोटा हिस्सा 20/57 एवं कुलदीप सिंह शेखावत पुत्र स्व0 विजय सिंह हिस्सा 17/57 जाति राजपूत निवासी गोपाल विहार पुलिस लाईन कोटा के नाम दर्ज रिकॉर्ड है। प्रार्थीगण द्वारा दिनांक 17.03.2025 से जर्ये बेचान पत्र के केता के नाम का 40/57 हिस्से को कय किया गया था। जिसमें से अब्दुल नासिर अंसारी पुत्र अब्दुल सत्तार जाति मुसलमान निवासी न्यू कॉलोनी गुमानपुरा कोटा हि0 24/57, जाहिद हुसैन पुत्र अब्दुल हाकिम जाति मुसलमान निवासी गरीब नवाज कॉलोनी सुल्तानपुर कोटा हिस्सा 16/57 कय किया गया है। ऑटो म्यूटेशन प्रकिया में नामा0 सं. 1377 से केता के नाम का हिस्सा 40/57 रजि0 बेचान पत्र के अनुसार ना होकर हिस्सा प्रत्येक 20/57 दर्ज हो गया है। उक्त प्रविष्टियों को दुरूस्त करने के आदेश करने की क्षेत्राधिकारिता श्रीमान न्यायालय को है। अतः खाता संख्या 14 में उक्त प्रविष्टियों को विकय पत्र के अनुसार दुरूस्त करने की कृपा करें। पत्रावली एवं संलग्न दस्तावेज का अवलोकन किया गया। प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र में कथन किया है कि ग्राम रंगतालाब उर्फ कालातालाब में खाता संख्या 14 पर स्वतः स्वीकृत नामा0 संख्या 1377 दिनांक 17.03.2025 बेचान द्वारा केता के नाम का हिस्सा 40/57 रजि0 बेचान पत्र के अनुसार ना होकर हिस्सा प्रत्येक 20/57 दर्ज हो गया है। उक्त त्रुटी ऑनलाईन म्युटेशन के कारण हुई है। जिसकी शुद्धि किया गया उचित है। प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र प्रथम दृष्ट्या स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः प्रस्तुत प्रार्थना पत्र धारा 136 भू राजस्व अधिनियम स्वीकार कर ग्राम रंगतालाब उर्फ कालातालाब के खाता संख्या 14 में क्रेता अब्दुल नासिर अंसारी पुत्र अब्दुल सत्तार हि0 20/57 के स्थान पर अब्दुल नासिर अंसारी पुत्र अब्दुल सत्तार हिस्सा 24/57 एवं क्रेता जाहिद हुसैन खान पुत्र अब्दुल हकिम हि0 20/57 के स्थान पर जाहिद हुसैन खान पुत्र अब्दुल हकिम हि0 16/57 दर्ज करने के आदेश दिए जाते है। निर्णय की प्रति पालनार्थ तहसीलदार लाडपुरा को प्रेषित की जावें।	

उपखण्ड अधिकारी कोटा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
	उक्त निर्णय आज दिनांक 30/4/25 को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। उपखण्ड अधिकारी कोटा न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कोटा	